13 24 घंटे जनता के लिए उपलब्ध और समान विकास.





14 37.58 एकड़ में फैली 5 अवैध कॉलोनियों ...





**SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS**

THE TIMES OF INDIA — Awarded with Times School Survey award 2025-26

**JHAJJAR CAMPUS : CALL : 8222889860, 8222889862**
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar (Haryana)
**PATAUDA CAMPUS : CALL : 9053007801,9053007802**
NH.71, Pataunda, Near Kulana, Jhajjar (Haryana)

## संस्कारम पब्लिक स्कूल से लेकर संस्कारम यूनिवर्सिटी तक – के.जी. से पी.एच.डी. तक की सम्पूर्ण शिक्षा !

## 1st TIME IN THE HISTORY OF SCHOOLING
# GRAND PTM
With
# HELICOPTER RIDE
## FOR PARENTS WITH STUDENTS



IIT-JEE Advanced Selections

# ADMISSIONS OPEN 2025-26

- JEE/NEET/NDA Foundation | 100% Board Results
- Smart Classes | Fully Equipped Labs | Sports Excellence

99.96 %ile Selection in IIT Guwahati — Chirag S/O Mr. Satender, Village - Paharipur

99.99 %ile Selection in IIT (BHU) Varanasi — Dishant S/O Mr. Devender, Village - Paharipur

## India's Most Trusted School
for Integrated Classroom Programme for Selection in IIT-JEE, NEET, NDA, MNS, SSC,CUET,CLAT, CA, CS, ICMAI

### JEE Main (Session-1) Result -2025

- 99.98 %ile Physics — Shubham S/o Kailash, Vill : Dubladhan
- 98.54 %ile Physics — Samir S/o Dharambir, Hansi, Hisar
- 98.59 %ile Maths — Tanishk S/o Naresh, Charkhi Dadri
- 98.7 %ile Maths — Shubham S/o Ranbir, Vill : Kheri Khummar
- 96.13 %ile Maths — Akshit S/o Amarjeet, Jhajjar
- 94.81 %ile Maths — Arpit S/o Amarjeet, Baghpur
- 98.85 %ile — SHIVAM S/o JOGINDER, SEKHUPUR
- 98.17 %ile — YOGESH S/o RAJKUMAR, MANGAWAS
- 97.90 %ile — VIVEK S/o BASANT, SIWANA
- 97.51 %ile — NIKKI D/o SURENDER, JONDHI
- 97.40 %ile — VAIBHAV S/o AMIT, JHAJJAR
- 97.40 %ile — RITIK S/o KARTAR, SERIA
- 97 %ile — MUSKAN D/o SHYAMLAL, JHAJJAR
- 96.56 %ile — JATIN S/o VINEET, JHAJJAR

### NEET Selections-2024

AC Hostel Facility For Boys & Girls

- KHUSHI D/o PAWAN, DHAKLA — Selection in MBBS — AIIMS Jodhpur
- CHARU D/o SATISH, MASUDPUR — Selection in MBBS — PGIMS Rohtak
- ANJALI D/o VIKASH, CHAMANPURA — Selection in MBBS — ESIC Faridabad
- YASH S/o OM PRAKASH, JHAJAJR — Selection in MBBS — PGIMS Rohtak
- SHAKSHI D/o DEVENDER, KHERI KHUMMAR — Selection in MBBS — PGIMS Rohtak

KAJAL D/o RAKESH, MAJRA; DIKSHU S/o SURENDER, DUBALDHAN; KAJAL D/o SANJAY, GUDHA; VAIBHAV S/o AMIT, JHAJJAR; HIREN S/o SANDEEP, BHADANI; TANNU D/o DEVENDER, JHAJJAR; RASHMI D/o SATBIR, JHAJJAR

### BOARD Results 2024

- CBSE CLASS XII Topper 99% — RITIKA D/o DEVENDER, JHAJJAR
- CBSE CLASS X Topper 98.2% — KANIKA D/o BALWAN, KHERI KHUMMAR
- CBSE CLASS X Topper 98.2% — CHIRAG S/o RAMBIR, CHIMNI

### NDA Qualifiers 2024

AMAN S/o JITENDER, DUBALDHAN; ANSHU S/o SURESH, DIGHAL; ANUJ S/o VIKASH, JHAJJAR; SACHIN S/o JEET SINGH, JHAJJAR; NIKKI D/o SURENDER, JONDHI; AMAN S/o MANJEET, NAGAWA; BHAVYA S/o AJMER, KABLANA; VISHAL S/o KULDEEP, KHERI HOSYARPUR; DEEPANSHU S/o DHEERAJ, KHERI KHUMMAR; TUSHAR S/o DHARAMBIR, SEKHUPUR JAT; SHIVAM S/o JOGINDER, SEKHUPUR JAT; VIVEK S/o BASANT, SIWANA; SAKSHI D/o NAVEEN, BARHANA; LAKSHAY S/o AJAY, SILANA; MUSKAN D/o GOVIND, KOELPUR; SAMEER S/o DHARAMBIR, JHAJJAR; DINESH S/o SANJAY, BHAPRODA; JIVESH S/o SONU, BHAPRODA; SAHIL S/o SANDEEP, SIWANA; SHUBHAM S/o RANBIR, KHERI KHUMMAR; SHUBHAM S/o KAILASH, DUBALDHAN; KAUSHAL S/o JOGENDER, DADANPUR; SITANSHU S/o HARIKISHAN, SURAJGARH

**SANSKARAM UNIVERSITY**

Scan QR Code For Website

**ADMISSION OPEN** B.Tech | Law | Pharmacy | Agriculture | Veterinary
MBA & BBA | Physiotherapy | Hotel Mang. | BA | MA | B.Sc | M.Sc
+91 7056999201 | 202 | N.H - 352, PATAUDA JHAJJAR (HR)

## खबर संक्षेप



### प्राचार्य दलवीर राणा हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

**सांपला।** रुड़की राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य दलबीर सिंह राणा शनिवार को सेवानिवृत हो गए। उनको स्कूल स्टाफ और सिंगपुरा गुरुकुल की तरफ से पगड़ी और अन्य सामान देकर विदाई दी गई। जिला सर्व शिक्षा अधिकारी दलजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने एक शिक्षक के रूप में निष्टा पूर्वक जिम्मेदारी निभाई। शिक्षकों ने बताया कि प्राचार्य से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। दलबीर राणा ने 1993 से शिक्षक के तौर पर सेवा देनी शुरू की थी जो शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए।

### वित्तीय वर्ष की बैलेंस शीट को मंजूरी दी गई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की आज आयोजित कोर्ट की 52वीं बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट, वित्तीय वर्ष 2023-24 की बैलेंस शीट को मंजूरी दी गई। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कोर्ट की बैठक में विश्वविद्यालय की 46वीं वार्षिक रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। साथ ही, वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट्स को भी मंजूरी दी गई। बैठक में कार्यकारी परिषद की सदस्यता के लिए आयोजित चुनाव में सीआरए कालेज सोनीपत की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उषा दहिया विजयी रही। उन्होंने चुनाव में 29 वोट हासिल किए। उनके मुकाबले में शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज खरखौदा के सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेन्द्र सिंह ने 22 वोट प्राप्त किए। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बतौर सदस्य सचिव कोर्ट का एजेंडा प्रस्तुत किया।

# गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय एवं गौड़ ब्राह्मण डिग्री महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रणबीर ढाका (जिलाध्यक्ष भाजपा, रोहतक), प्रवीण कौशिक (नगर निगम पार्षद,रोहतक), नरेंद्र कौशिक (पूर्व पार्षद), कृष्ण लाल शर्मा, राजकुमार भारद्वाज, दिनेश शर्मा रहे। गौड़ संस्था के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा एवं गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि रणबीर ढाका ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चाहे हम आनंद के लिए खेलें या व्यावसायिक तौर पर खेलें, खेल व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी एवं खेलों के प्रति खुद के अनुभवों को भी साझा किया। अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी खेलों के महत्व को अपने अभिभाषण में उजागर किया। अतिथियों द्वारा मैदान में जाकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि ने गोला फेंक कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इसके पश्चात दोनों महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ विनोद कुमार एवं डॉ सुखदेव शर्मा की देखरेख में हुआ। मंच का संचालन डॉ गीता रानी एवं डॉ मंजू शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ सविता शर्मा, डॉ मोना मल्होत्रा, डॉ सोन किरण, डॉ रानी देवी, पूनम अत्री, विनोद शर्मा, निधि,पवन,राखी,पूनम, आदि उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

100 मीटर दौड़ (पुरुष)
प्रथमः आकाश
द्वितीयः शेखर
तृतीयः सुमित

100 मीटर दौड़ (महिला)
प्रथमः तनु
द्वितीयः ललिता
तृतीयः मोहिनी

200 मीटर दौड़ (पुरुष)
प्रथमः आकाश
द्वितीयः शेखर
तृतीयः सुमित

200 मीटर दौड़ (महिला)
प्रथमः तनु
द्वितीयः नविता
तृतीयः मीनू

शॉट पुट थ्रो (पुरुष)
प्रथमः सुमित
द्वितीयः शेखर
तृतीयः आकाश

शॉट पुट थ्रो (महिला)
प्रथमः मीनू
द्वितीयः तनु
तृतीयः प्रकृति

डिस्कस थ्रो (पुरुष)
प्रथमः शेखर
द्वितीयः सुमित
तृतीयः कुणाल

डिस्कस थ्रो (महिला)
प्रथमः नविता
द्वितीयः प्रकृति
तृतीयः मीनू

लॉन्ग जंप (पुरुष)
प्रथमः नितिन
द्वितीयः कुणाल
तृतीयः आकाश

लॉन्ग जंप (महिला)
प्रथमः तनु
द्वितीयः नविता
तृतीयः मीनू

बेस्ट एथलीट पुरुषः आकाश
बेस्ट एथलीट महिलाः तनु

## माता रानी के जयकारों से गूंजेंगे मंदिर, होंगे भजन कीर्तन

# पहला नवरात्र आज, सज गए मां के मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चैत्र नवरात्रों का शुभारंभ आज से होगा। नवरात्रों को लेकर शहर के सभी मंदिरों को सजा दिया गया है। मंदिरों की छटा देखते ही बनती है। मंदिरों को बाहर व अंदर से आकर्षक लड़ियों व झालरों से आकर्षक एवं भव्य रुप से सजा दिया गया है।

नवरात्रों के उपलक्ष में शहर के विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा। चैत्र नवरात्र के लिए बाजार व मंदिर सज गए हैं। माता की पूजा अर्चना के लिए लोगों को शनिवार शाम खरीददारी की। वहीं, मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। नवरात्र के पहले दिन दुर्गा के रूप शैल पुत्री की पूजा की जाएगी। इस दौरान कई घरों व मंदिरों में कलश स्थापना व नौ दिन तक जोत जलाई जाएगी।



रोहतक। पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज ।

### 5 को अष्टमी

पांच अप्रैल को अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। अष्टमी के दिन सुबह 8 बजे कन्या पूजन होगा और रात साढ़े नौ बजे मां भगवती का जागरण किया जाएगा।

वहीं गोकर्ण तीर्थ पर नवरात्र के उपलक्ष में महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज ने पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि माता रानी सभी भक्तों के कष्ट हर लेती है।

### व्रत व पूजा का सामान खरीदा

दुर्गा भवन मंदिर, श्री दुर्गा महारानी मंदिर सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसके अलावा बाजारों में पूजा की थाली से लेकर व्रत के खाने का सामान और माता की चुनरी की दुकानें सजी हुई हैं। दुकानों से लोग व्रत का सामान व पूजा की सामग्री खरीद रहे हैं।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

उदया तिथि के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को है यानी घट स्थापना इसी दिन होगी। कलश स्थापना के लिए शुभ समय सुबह 6 बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक होगी। इसके अलावा, दोपहर 12 बजकर 1 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त भी है। इन दोनों मुहूर्तों में कलश स्थापना करना मनोवांछित फल प्रदान करने वाला माना जाता है।



# आईसी कॉलेज में एलुमनी मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या दर्शना देवी ने किया। संयोजिका डॉ. नीति अहलावत के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. दर्शना ने एलुमनी परिषद के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एलुमनी सदस्यों ने महाविद्यालय से संबंधित अपनी पूर्व स्मृतियों को सांझा किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें एलुमनी सदस्यों ने अपनी प्रतिमा का परिचय दिया। इस अवसर पर कांता दहिया सेवानिवृत्त संस्कृत व्याख्याता (1980), वीणा फोगाट सह प्राध्यापक एमकेजेके, डॉ. अनिल कुमारी सेवानिवृत प्राचार्या (1985), कमलेश सेवानिवृत्त अधीक्षक (1984), राजेश नांदल प्राचार्या माडल स्कूल (1988), डॉ. नीतू काजल सह प्राध्यापक एनआरएस (1994), मंजू जिला कार्यक्रम अधिकारी (2011), रीना सह प्राध्यापक भौतिकी विज्ञान (2010) सहित अन्य मौजूद रहे।

# एचडी पब्लिक स्कूल में 'मेगा वार्षिक परीक्षा परिणाम' की रही धूम

- इस समारोह का शुभारंभ स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट और शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में 'मेगा वार्षिक परीक्षा परिणाम' का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का शुभारंभ स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट और शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने प्रांगण में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों व अभिभावकों का विद्यालय में पहुंचने पर अभिवादन किया व विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा-परिणाम रहने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने छात्रों के परिश्रम की सराहना करते हुए शिक्षा में निरंतरता और समर्पण के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने अभिभावकों को आगामी वर्ष में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जाने वाली नई योजनाओं से अवगत करवाया। संस्थान सदस्यों द्वारा पहली से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के उप-विभागों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे छात्रों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट ने छात्रों के व्यक्तित्व के चहुंमुखी विकास में अभिभावकों व अध्यापकगण के अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने आगामी वर्षों में भी छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित मूल्यवर्धक शिक्षा से लबरेज बनाकर समाज को सुव्यवस्थित व संपन्न बनाने में संस्थान की पूरी टीम के सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण प्रणाली की सराहना की और विद्यार्थियों की उन्नति में शिक्षकों के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन अकादमिक समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ,जिसके बाद शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट, प्रधानाचार्य दुलाल देब व सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# एक जनवरी की तरह आज सभी को भेजें हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं

- हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर एसबीआई बैंक के सौजन्य से भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ, गणपति बाबा मोरिया, हम तो सीता राम कहेंगे, हम तो राधेश्याम कहेंगे, शिव ऊँ नमः शिवाय, डम-डम डमरू बाजे, कौन कहता है भगवान आते नहीं तुम मीरा के जैसे बुलाते नहीं, हरे कृष्णा हरे रामा, मेरा भोला है भंडारी, मेरी जिंदगी सवारी मुझको गले लगाके, सत नारायण हरिओम आदि गायक अक्षय शर्मा, संजीव पाहवा, सुशांक द्वारा गाए गानों पर आज एलटी 5 में पीजीआई के अधिकारी, फैकल्टी, कर्मचारी और विद्यार्थीगण जमकर झूमें। मौका था हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर एसबीआई बैंक के सौजन्य से आयोजित भजन संध्या का। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आज जो यह खूबसूरत भक्ति का माहौल बना है, उसके लिए निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डॉ. वरूण अरोड़ा, डॉ. संजय गुप्ता व उनकी टीम बधाई की पात्र है। सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हम एक जनवरी को सभी को नववर्ष की शुभकामना का संदेश भेजते हैं, हमें अपनी हिन्दू संस्कृति पर चलते हुए आज एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं भेजनी चाहिएं। हमें अपनी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी पढाई के तनाव में रहते हैं, ऐसे कार्यक्रम से उन्हें निश्चित रूप से तनाव मुक्त होने का अवसर मिला होगा। उन्होंने कहा कि पहले विद्यार्थी पढाई का कभी भी तनाव नहीं लेते थे और अपने हर कार्य में खुशी ढूंढते थे, इसी प्रकार हमें अपने हर कार्य में खुशी ढुढनी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि असली जिंदगी खुश रहना ही होती है, इसलिए खुद भी खुश रहें और दूसरों को भी रखें। इस अवसर पर डीन डॉ. कुलदीप लालर, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, समाजसेवी चंद्रसेन, डॉ. सविता सिंघल, डॉ. पुष्पा दहिया, डॉ. दीपक जैन, डॉ. प्रोमिला जैन, डॉ. विवेक, डॉ. वरूण अरोडा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. पूजा, डॉ. सुनील रोहिल्ला, गायक अक्षय शर्मा, संजीव पाहवा, सुशांक, विद्यार्थी लक्ष्य बंसल, गौरव, कुशाग्र, कृषव मौजूद रहे।



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल,निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ,डॉ. आदित्य बत्रा ,डीन डॉ. कुलदीप लालर व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## फसल कटाई प्रयोग के दौरान बरते सावधानीः अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने गांव चुलियाणा में फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल कटाई प्रयोग के दौरान विशेष ध्यान रखें क्योंकि इन्ही के आधार पर प्रत्येक गांव की औसत पैदावार तय की जाएगी। नरेंद्र कुमार ने मौके पर सरसों फसल का फसल कटाई प्रयोग मौके पर करवाया तथा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे फसल कटाई प्रयोग के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। इन्हीं फसल कटाई प्रयोग के आधार पर प्रत्येक गांव की औसत पैदावार तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी फसल कटाई प्रयोग को गंभीरता से लें तथा इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही न करें। फसल कटाई प्रयोग के लिए कृषि उपनिदेशक द्वारा जिला के प्रत्येक गांव में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक गांव में गेहूं, चना, जौ व सरसों फसल के लिए चार-चार फसल कटाई प्रयोग करने का प्रावधान है। यह सभी प्रयोग रेंडम नंबर व स्मार्ट सैम्पलिंग विधि के आधार पर किए जा रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि खेतों का चुनाव राजस्व विभाग के पटवारियों की सहायता से किया जा रहा है तथा प्रत्येक गांव में प्रत्येक फसल के लिए चार-चार खेत चुने जाते है, जिसमे रैंडम तालिका के अनुसार 5 गुणा 5 का प्लाट का चयन किया जाता है और उसकी औसत पैदावार निकाली जाती है। फसल कटाई प्रयोग के समय बीमा कंपनी से प्रतिनिधि और किसान मौके पर मौजूद होते है।

## ईद-उल-मिलाद के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी तैनात



**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गटा ने 31 मार्च को आयोजित किए जाने वाले ईद-उल-मिलाद त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों की तैनाती की है। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीई राजेश सोनी के साथ सिटी पुलिस स्टेशन के एसएचओ की तैनाती की है। इसी प्रकार से पंचायती राज विभाग के एसडीओ गणेश बत्रा के साथ पुरानी सब्जी मंडी के एसएचओ, यमुना जल सेवाओं के एसडीओ जगदीप दलाल के साथ सिविल लाइन पुलिस स्टेशन के एसएचओ, बिजली निगम के एसडीओ आशीष चौहान के साथ आर्य नगर पुलिस थाना के एसएचओ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीई मुकेश कुमार के साथ शिवाजी कॉलोनी पुलिस थाना के एसएचओ, लोक निर्माण विभाग के एसडीई सुरेंद्र के साथ पीजीआईएमएस पुलिस थाना के एसएचओ, कंस्ट्रक्शन डिवीजन के एसडीओ संजीव कुमार के साथ अर्बन स्टेट पुलिस थाना के एसएचओ को नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा भालोट जल सेवाएं डिवीजन के एसडीओ उदयभान सांगवान के साथ सदर पुलिस थाना के एसएचओ समेत अन्य की तैनाती की गई है।

## एमडीयू में रंग महोत्सव मेगा इवेंट का समापन रंग-तरंग सांस्कृतिक रंग से हुआ

# महोत्सव में दर्शकों ने सांस्कृतिक विरासत का लुफ्त उठाया

- कार्यक्रमों में प्रतिभागिता से विद्यार्थियों में संचार कौशल, साफ्ट स्किल्स तथा जीवन कौशल का विकास होता हैः कुलपति राजबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गीत, संगीत, नृत्य की जोरदार प्रस्तुति और युवा दिल की मस्ती को सेलिब्रेट करते हुए शनिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रंग महोत्सव मेगा इवेंट का समापन रंग तरंग सांस्कृतिक रंग से हुआ। विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापक डॉ. सौरभ वर्मा ने इस संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यन म्यूजिकल बैंड के परफार्मेंस से किया। एक से एक शानदार हिन्दी गीतों को संगीत की माला में पिरोकर आर्यन बैंड की प्रस्तुति ने झूमा दिया। रंग तरंग कार्यक्रम की विशेष नृत्य प्रस्तुति बॉलीवुड रेट्रो डांस परफार्मेंस रही। इमसॉर के विद्यार्थियों ने सदाबहार पुराने गीतों पर युगल नृत्य तथा समूह नृत्य प्रस्तुत कर साठ, सत्तर, अस्सी के दशक के बालीवुड को टैगोर सभागार में उतार दिया। हरियाणवी लोक नृत्य और गीतों ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को दर्शकों के सम्मुख प्रस्तुत किया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रंग तरंग समेत रंग महोत्सव इवेंट्स विद्यार्थियों के सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है। इन कार्यक्रमों में प्रतिभागिता से विद्यार्थियों में संचार कौशल, साफ्ट स्किल्स तथा जीवन कौशल का विकास होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश जैन, भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत तथा निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान ने भी संबोधन किया। सभी वक्ताओं ने रंग महोत्सव मेगा इवेंट के महत्व एवं उपयोगिता को रेखांकित किया। स्वागत भाषण निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने दिया। आभार प्रदर्शन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने किया। रंग महोत्सव मेगा इवेंट का संयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने किया। रंग तरंग इवेंट का संयोजन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने किया। रंग तरंग कार्यक्रम का शानदार समापन जीवीएम कन्या महाविद्यालय सोनीपत की टीम द्वारा बेहतरीन बॉलीवुड रेट्रो डांस परफार्मेंस से हुआ। टीम की छात्राओं के ग्रेसफुल डांस ने पुराने गीतों के यादों का कारवां उपस्थित जन के सम्मुख प्रस्तुत किया। सेवानिवृत आईजी भारतीय तट सेना कुलदीप श्योराण, सेवानिवृत ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, प्रसिद्ध संस्कृति कर्मी रघुवेन्द्र मलिक, मॉडल स्कूल की प्राचार्या अरूणा तनेजा की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर रही। रंग-तरंग के इस शानदार इवेंट के साथ-साथ सात सृजनात्मक रंगों का महा उत्सव रंग महोत्सव संपन्न हो गया।




रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ।






रोहतक। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*



हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

14 एमडीयू का 11 दिवसीय रंग महोत्सव संपन्न जीवीएम गर्ल्स महाविद्यालय सोनीपत प्रथम



## खबर संक्षेप

### सेना अग्निवीर-रेगुलर एंट्री भर्ती की प्रक्रिया आरंभ

**रोहतक।** सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक गौतम चौहान ने बताया कि सेना अग्निवीर तथा रेगुलर एंट्री भर्ती 2025-26 की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी 10 अप्रैल तक युवा सेना के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है। इसके अलावा रोहतक, झज्जर, सोनीपत और पानीपत में पंजीकरण सहायता शिविर भी लगाए जा रहे है।

# एमडीयू के टैगोर ऑडिटोरियम में आज सजेगी कवियों की महफिल

## इंतजार खत्म हुआ, आज जिले के लोग कविताओं का आनंद उठाएंगे, हास्य व्यंग, वीर और हास्य रस के कवि प्रस्तुति देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


डॉ. सुनील जोगी डॉ. सर्वेश अस्थाना डॉ. अर्जुन सिसोदिया हेमन्त पाण्डेय डॉ. रिसिक गुप्ता पदमिनी शर्मा

हरिभूमि इस बार भी कविताओं, चुटकुलों, प्रेम भरे गीतों का रंग बिखेरने के लिए तैयार है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में रविवार को कवियों की महफिल सजेगी। सम्मेलन में हास्य व्यंग कवि डॉ. सुनील जोगी, हास्य रस कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, वीर रस कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया, हास्य रस के कवि हेमन्त पाण्डेय और डॉ. रिसिक गुप्ता एवं गीतकार पदमिनी शर्मा अपनी शानदार प्रस्तुति से रोहतक का सराबोर करेंगे।

### शाम 5.30 बजे शुरू होगा कार्यक्रम

एमडीयू के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित कवित सम्मेलन शाम साढ़े पांच बजे शुरू होगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी श्रोता समय से पहुंच कर सीट ग्रहण कर लें। बता दें कि हरिभूमि की ओर से हर साल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का रोहतक के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब इंतजार खत्म हुआ और आज रोहतक के निवासी सम्मेलन में कविताओं का आनंद उठाएंगे। कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग, वीर रस व हास्य रस के कवि अपनी प्रस्तुति देंगे।

### ये रहेंगे अतिथि

कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा होंगे। जबकि अध्यक्षता भिवानी के सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि रोहतक में नवनियुक्त मेयर रामअवतार वाल्मीकि रहेंगे। साथ ही एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजेश जैन विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

## पदभार ग्रहण के बाद मेयर रामअवतार बोले-शहर को प्रदेश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाने के लिए रोडमैप तैयार


# 24 घंटे जनता के लिए उपलब्ध और समान विकास करवाएंगे

- मेयर व पार्षदों के लिए पदभार ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवनिर्वाचित मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि जनता ने भाजपा को पूरा समर्थन देकर केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार जीत दिलाई है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे जनहित के कार्यों में प्रयासरत रहेंगे तथा शहरवासियों के जीवन को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। ये बात उन्होंने शनिवार को पदभार ग्रहण समारोह के दौरान कही। उन्होंने मेयर का पद संभालने के बाद आमजन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ मिलकर वे आगामी एक वर्ष में रोहतक शहर में बड़ा बदलाव लाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे तथा सभी के साथ मिलकर कार्य करेंगे। शहर को प्रदेश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। वह समान रूप से विकास कार्य करवाएंगे। वहीं प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सिंचाई विश्राम गृह में नवनिर्वाचित मेयर तथा निगम पार्षदों के पदभार ग्रहण समारोह में सभी को शुभकामनाएं दी तथा विकास कार्य करवाने को कहा।


**रोहतक।** नवनिर्वाचित मेयर रामअवतार वाल्मीकि को पदभार ग्रहण के बाद मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेतागण।



### पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा: पंवार


पंचायत मंत्री तथा कार्यक्रम के मुख्यातिथि कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भाजपा की लोक हितैषी नीतियों के फलस्वरूप केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकारों का गठन हुआ है। भाजपा ने अपने कार्यों के दम पर लोस, विस, विधानसभा उपचुनाव, दिल्ली विस चुनाव में जीत का परचम लहराया है। प्रदेश में निकाय चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तमंत्री के रूप में प्रस्तुत किए गए बजट से 36 बिरादरी को उनका पूरा हक मिलेगा।

### बार एसोसिएशन में भी जीत

कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने समारोह के दौरान कहा कि जिला बार एसोसिएश में करीब 15 साल से दूसरे गुट का कब्जा था। अब वहां भी पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की मदद से भाजपा समर्थित पदाधिकारी चुनकर आए हैं। दीपक हुड्डा जिला बार एसोसिएशन के प्रधान नियुक्त हुए हैं। वहीं, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने मेयर को सलाह दी कि मेयर चुनकर आए हो तो लोगों के काम भी करवाने होंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, शमशेर खरक, मनमोहन गोयल, रेनू डाबला, नरेंद्र खट्टर, राज शर्मा, सुखबीर चंदोलिया, मनोज मक्कड़, मदन गोयल, राजकमल सहगल, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट दीपक हुड्डा, डॉ. दिनेश घिलौड़, कमल सैनी, प्रतिभा सुमन, अक्षय, प्रदीप जैन, स्वदेश कबीर, आशा शर्मा, झज्जर के जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि, नागेंद्र शर्मा, हरिओम भाली, नरेंद्र वत्स, नीरा भटनागर, सुरेश किराड़, कपिल नागपाल, कविता, अंजू सैनी, सुशील नांदल, कृष्णा, कुलबीर, राजेश, कंचन खुराना, अनीता मिगलानी, देवी रानी, डिंपल जैन, प्रवीन, रमेश अत्री, राजरानी शर्मा, उदयभान मलिक, नवीन ढुल, वीर सिंह हुड्डा, सत्य प्रकाश बिसला, राजबाला चहल, वजीर खोखर, रमेश बोहर, सौरभ कुमार, राजकुमार सुनारिया, मनीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप



### सरकारी स्कूल में करवाएं बच्चों का दाखिला

**रोहतक।** शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाऊन में प्रवेश उत्सव के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नवनिर्वाचित पार्षद कंचन खुराना व विद्यालय की प्राचार्या कुमारी मीता कंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने लोगों से सरकारी विद्यालयों में प्रवेश लेने की अपील करते हुए अपने विद्यालय की सुविधाओं व उपलब्धियों से संबंधित पंफलेट भी वितरित किए।

### जिला में 2954.69 एमटी सरसों की खरीद

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाए ताकि फसल बिक्री में सुविधा हो। जिला में सरसों की खरीद जारी है। अभी तक जिला की मंडियों में 2954.69 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। कलानौर, महम, रोहतक व सांपला अनाज मंडियों में 2954.69 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

### 21 हजार रुपये की ठगी के मामले में तीसरा काबू

**रोहतक।** पुलिस ने टास्क पूरा करने के नाम पर 21 हजार रुपये की हुई धोखाधड़ी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि 19 फरवरी को आदर्श नगर निवासी ओजस्वी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 25 दिसंबर को ओजस्वी के पास अज्ञात नंबर से टास्क से संबंधित मैसेज आया। उसने अपना नाम अकाक्षा यूनोकाइन कम्पनी का टास्क का लिंक भेजने बारे कहा। ओजस्वी ने दिए हुए टास्क का पूरा कर दिया। जिसके बाद टेलीग्राम आईडी से ओजस्वी ने अपनी यूपीआईडी भेज दी।

## अवैध निर्माण व कॉलोनियों में नागरिक न करें खरीद-फरोख्त

# 37.58 एकड़ में फैली 5 अवैध कॉलोनियों में की तोड़फोड़

### कच्चा रोड नेटवर्क, 15 चारदीवारी, 3 अवैध निर्माण, 20 नींव को तोड़ा





- कलानौर खुर्द, खेरड़ी व जिंदराण कलां में विकसित की जा रही थी अवैध कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कॉलोनी व निर्माण को विकसित नहीं होने दिया जाएगा। नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्घ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत कलानौर खुर्द, खेरड़ी व जिंदराण कलां में लगभग 37.58 एकड़ में विकसित की जा रही पांच अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। इस अभियान के दौरान पांच अवैध कॉलोनियों में कच्चा रोड नेटवर्क, डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क, 20 नींव, 3 अवैध निर्माण व 15 चारदीवारी को तोड़ा गया। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। अवैध कॉलोनियों व निर्माण के विरुद्ध तोड़-फोड़ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। जिला में अवैध निर्माण विकसित नहीं होने दिया जाएगा।

#### कार्यालय से ले सकते हैं जानकारी

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

# आईबी स्कूल का वार्षिकोत्सव : बच्चों ने गीत और संगीत से बांधा समा

- दर्शकों ने तालियां बजाकर की हौंसला अफजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







आईबी स्मार्ट स्टार्ट और आईबी स्मार्ट स्टार्ट ब्लू में 25वां वार्षिक महोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव का आयोजन पीजीआई ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए। जिसमें हरियाणवी, पंजाबी, बंगाली, गुजराती, गोवा डांस, जनजातीय डांस, भारत के विभिन्न प्रकार के त्योहारों को दर्शाने वाला नृत्य, नारी शक्ति नृत्य, अंग्रेजी नृत्य फेस्ट फेथ और हम तो है आंधी हम तो है तूफान आदि पर नृत्य प्रस्तुत किए।

#### कार्यक्रम का आनंद उठाया

महोत्सव के मुख्य अतिथि यूके से डैनियल, गेस्ट ऑफ ऑनर जूली और स्पेशियल गेस्ट यूके से बेलमन, टिम और रॉबर्ट, न्यूजीलैंड से शॉन, फिनलैंड से जुक्का और जापान से यूको उपस्थित रहे। प्रतिभागियों और शिक्षकों द्वारा ग्रैंड फिनाले प्रस्तुत किया गया। महोत्सव का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया। अभिभावकों और अतिथियों ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। इस उत्सव में यादों और एकता की भावना को सबने अपने साथ एकजुट किया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत ढुल, कमला राठी, एसबी राठी, अजीत ढुल, मनोज कुमार, प्रीती चौधरी, निशा चौहान, दीपशिखा मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति के लिए सामाजिक समरसता जरूरी: अश्वनी वशिष्ठ



**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के अन्तर्गत शनिवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ एवं टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के पास नशामुक्ति जागरूकता एवं एक शपथ नशे के विरूद्ध कार्यक्रम चलाया। समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ ने कहा कि नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है, जिसे जड़ से समाप्त करना अतिआवश्यक है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रही है। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए दर्ढ संकल्प लेना जरुरी है। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरुआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। इस अवसर पर अमर सिंह यादव, राजकुमार जांगड़ा, नवीन आदि मौजूद रहे। एवं कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहै।

## प्रतिभा : तान्या ने उकेरी गणेश जी की मूर्ति





#### दसवीं कक्षा की छात्रा है नरवाल

**रोहतक।** रोहतक में 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा तान्या नरवाल ने शनिवार को कागज पर भगवान गणेश जी की भव्य मूर्ति उकेर कर दिल जीत लिया। यह तस्वीर काफी सुंदर व देखने में आकर्षक है। तान्या की कलात्मकता और रचनात्मकता इस मूर्ति में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। वह हमेशा ड्राईंग में अव्वल रहती है। उसकी कागज पर कलाकारी देखकर हर कोई दांतों तले अंगुली दबा रहा है। उसकी इस कला की शिक्षकों ने भी जमकर तारीफ की है।

# टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या के मामले में चार काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस ने टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या की वारदात में शामिल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अज्ञात आरोपियों द्वारा देवव्रत पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया गया था। हमले के दौरान लगी चोटो के कारण दौराने उपचार के दौरान देवव्रत की मौत हो गई। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी रिषभ सोढी ने बताया कि दिनांक 17 मार्च को टिटौली निवासी देवव्रत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 17 मार्च को देवव्रत अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था। देवव्रत अपने गांव के बाहर बनी नहर के पास पहुंचा तो एक टाटा नेकसोन कार ने जान से मारने की नीयत से कार चढ़ाने की कोशिश की। देवव्रत ने अपना बचाव किया और मोटरसाइकिल मिट्टी के ढेर पर जा गिरी। कार से 5-6 युवक हाथों में लोहे के पाइप व पिस्तौल सहित बाहर आए। देवव्रत खेतों की तरफ भागने लगा। युवकों ने देवव्रत को घेर लिया और लोहे के पाइपो से देवव्रत के पैरो पर वार कर दोनो टागे तोड़ दी। शोर सुनकर भीड़ इक्ट्ठा होते देख युवक मौके से फरार हो गए। देवव्रत को इलाज के लिए पीजीआईएमएस मे भर्ती कराया गया। 23 मार्च को उपचार के दौरान देवव्रत की मौत हो गई। 24 मार्च को देवव्रत के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच के दौरान हत्या की धारा जोड़ी गई। 28 मार्च को आरोपी देवेंद्र उर्फ़ काला निवासी टिटौली, इंदरजीत निवासी नसीरपुर सोनीपत, आशीष निवासी लाढौत व विरेंद्र निवासी रिठाल नरवाल को गिरफ़्तार किया गया है।

#### वारदात का खुलासा

*जांच में सामने आया कि करीब 2 साल पहले होली के दिन सुरेंद्र व सुरेंद्र के भाई देवेंद्र उर्फ काला का देवव्रत के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उसी दौरान देवेंद्र उर्फ काला ने गांव मे नया घर बनाया था जिसको बेच कर देवेन्द्र शहर में रहने लगा। पंचायती तौर पर झगडे को लेकर दोनो पक्षों में समझौता हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस मे मामला दर्ज नहीं कराया गया। देवेंद्र जब भी गांव जाता तो दोनों पक्षों में तनाव रहता था। इसी तनाव के चलते सुरेंद्र, देवेंद्र ने अन्य युवकों के साथ मिलकर देवव्रत पर हमला करने की वारदात को अंजाम दिया।*

### छात्राओं ने महिलाओं को दिया प्रशिक्षण



**सांपला।** गांव गढ़ी सांपला में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत गांव की महिलाओं को वॉलिंटियरों ने कपड़े के थैले बनाना सिखाया ताकि प्लास्टिक और पालीथीन का प्रयोग न हो। छात्राओं ने गांव की महिलाओं को समझाया कि हम सभी को दैनिक कार्यों में पॉलिथिन एवं प्लास्टिक के थैलों का प्रयोग नहीं करना चाहिए बल्कि कपड़ों से बने थैले का प्रयोग करना चाहिए। छात्राओं ने पुनःनवीनीकरण एवं अन्य इको - फ्रेंडली संसाधनों से थैले बनाने की विधि सिखाई। साथ ही प्रशिक्षण में भाग लेने वाली गांव की महिलाओं को अपने कौशल को कैसे व्यावसायिक रूप दे। इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर वाद-विवाद करके एक पक्ष ने गुण व दूसरे पक्ष ने दोष बताकर गांव की महिलाओं को जागरूक किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास विषय पर कार्यशाला

- स्वामी नितानंद स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की तरफ से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास रहा। इस कार्यशाला में स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास व स्वामी नितानंद ग्लोबल रेजीडेंशियल स्कूल बरहाना (झज्जर) के सभी अध्यापकों ने शामिल होकर एससीइआरटी से डॉ. सुनीता चौधरी से कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास की बारीरिकायों का समझा। साथ ही बच्चों एवं अध्यापकों में मानसिक विकास, शारीरिक विकास, भावानात्मक विकास, नैतिक शिक्षा व बौद्धिक विकास के महत्त्व को गहनता से समझा। इस अवसर पर सुमित मलिक, डॉ. नीतिका मलिक, मनोज गहलावत, संगीता नैन आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को एनएसएस का उद्देश्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शनिवार को एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मंजू ने छात्राओं को एनएसएस का उद्देश्य, भावना और इतिहास से परिचित कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस जिला समन्वयक मनोज अहलावत ने किया। मनोज अहलावत ने सभी विद्यार्थियों को समाज सेवा का महत्व समझाया और इस शिविर के माध्यम से सभी को शिक्षा के साथ साथ सामुदायिक कार्यों में भाग लेने, जल संरक्षण व स्वच्छता और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की मुखिया सरोज नरवाल ने स्वयंसेवकों को जीवन में मानवता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मंजू, सोनिया, सरिता कौशिक, सुशीला आदि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** दूसरे स्थान पर कन्या कॉलेज खरखौदा और तीसरे पर वैश्य आर्य शिक्षण कॉलेज बहादुरगढ़ रहा

# एमडीयू का 11 दिवसीय रंग महोत्सव संपन्न जीवीएम गर्ल्स महाविद्यालय सोनीपत प्रथम

### अंतिम दिन व्यंजनों की विविधता ने विजीटर्स को खूब लुभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस के कुलपति प्रो. एचके अग्रवाल, निदेशक पीजीआईएमएस डॉ. एसके सिंघल व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा गत 19 मार्च को शुरू किए गए 11 दिवसीय रंग महोत्सव का समापन हो गया। शनिवार को समापन दिवस पर भारत के जायके के विविध रंग, दिलकश पकवानों की खुशबू हवा में बिखेरते हुए विश्वविद्यालय के फूड फेस्टिवल रंग व्यंजन का आयोजन किया गया। रंग महोत्सव के रंग व्यंजन में व्यंजनों की विविधता तथा स्वादिष्ट स्वाद ने विजीटर्स को खूब लुभाया। रंग व्यंजन में प्रथम पुरस्कार जीवीएम गर्ल्स कालेज, सोनीपत ने, दूसरा पुरस्कार कन्या महाविद्यालय खरखौदा ने तथा तीसरा पुरस्कार वैश्य आर्य शिक्षण महाविद्यालय, बहादुरगढ़ ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार केएल मेहता गर्ल्स, कालेज, फरीदाबाद तथा एसआईएसटीई, झज्जर ओडिशा फूड स्टाल को दिया गया। सर्वविदित है कि इस कार्यक्रम का यूनिवर्सिटी के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने विरोध किया था। दोनों संगठनों का कहना था कि कार्यक्रम से जहां पैसे की फिजूलखर्ची होती है, वहीं छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कर्मचारियों ने 4 मार्च को कार्यक्रम के विरोध में विश्वविद्यालय प्रशासन को मांगपत्र भी दिया था। मांगपत्र देते हुए ही 6 और 7 मार्च को रंग महोत्सव रद कर दिया। लेकिन इसके बाद 11 दिवसीय कार्यक्रम 19 से 30 मार्च तक करवाया गया। लेकिन कर्मियों ने कार्यक्रम का विरोध नहीं किया और सभी प्रोग्राम शांतिपूर्वक संपन्न हो गए। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस रंग व्यंजन इवेंट का शुभारंभ किया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने बतौर स्पेशल गेस्ट इस कार्यक्रम में शिरकत की। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत, प्रॉक्टर प्रो. राजेश पूनिया समेत विश्वविद्यालय के आला अधिकारियों ने रंग व्यंजन इवेंट के स्टाल्स की विजिट की तथा स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के कुलपति प्रो. एचके अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। निदेशक पीजीआईएमएस डॉ. एसके सिंघल बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। रोहतक के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. आदित्य बतरा, डॉ. सुमित सचदेवा, डॉ. अर्जन नरूला, डॉ. ताशी गुप्ता नरूला भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सबने अलग-अलग व्यंजनों को चखा तथा व्यंजनों की खूब सराहना की।

#### अन्य राज्यों के पारंपरिक व्यंजन भी परोसे

रंग व्यंजन के संयोजक प्रो. आशीष दहिया ने रंग व्यंजन इवेंट बारे ब्रीफिंग दी। आईएचटीएम के प्राध्यापकों ने इवेंट समन्वयन किया। रंग महोत्सव के संयोजक प्रो. रणदीप राणा ने अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा के व्यंजन- पूड़े, चुरमा, खीर, हेल्दी फूड मिलेट चूरमा लस्सी, फ्लेवर्ड मिल्क, पकौड़े, ब्रेड पकौड़ा, आलू-पूरी, कढ़ी-चावल, रायता, नींबू पानी, छोले-भटूरे समेत ओडिशा के पारंपरिक व्यंजन भी रंग व्यंजन में परोसे गए। खान-पान के इस जश्न में गीत-संगीत का तड़का बीन पार्टी तथा ढोल पार्टी ने डाला। मनोहारी बिट्स से रंग व्यंजन विजीटर्स झूम गए। इस फूड फेस्टिवल का आनंद उठाते हुए, तरह-तरह के व्यंजन टेस्ट करते हुए, उपस्थित जन कह उठे- ये दिल मांग मोर।